छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

"केविएट - सूचना"

क्रमांक/4474/पेड/विधि/2021 रायपुर, दिनांक 25.01.2021

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्र. 02/2019/परीक्षा दिनांक 18.01.2019 को सहायक प्राध्यापक (उच्च शिक्षा विभाग) विभिन्न विषयों के कुल 1384 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन में शुद्धि पत्र कमांक 04/2019/दिनांक 01.02.2019, शुद्धि पत्र कमांक 07/2019/दिनांक 23.02.2019, शुद्धि पत्र कमांक 12/2019/दिनांक 23.11.2019, सूचना–पत्र दिनांक 11.12.2019, शुद्धि पत्र कमांक 02/2020/दिनांक 11.02.2020 एवं सूचना–पत्र दिनांक 05.09.2020 जारी किया गया है।

2/ आयोग द्वारा उपरोक्त सहायक प्राध्यापक लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 19.01.2021 के उपरांत साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 09.02.2021 से किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी कारण को आधार बनाते हुए आयोग द्वारा आयोजित साक्षात्कार/चयन कार्यवाही को निरस्त करने/स्थगित करने अथवा किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्राप्त करने के लिए कोई भी रिट याचिका अथवा कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसी याचिका में उपरोक्त किसी भी प्रकार के अनुतोष को प्रदान किए जाने के पूर्व आयोग को सुनवाई का अवसर प्रदान किए जाने हेतु आयोग की ओर से एक केविएट आवेदन पत्र आयोग के प्राधिकृत अधिवक्ता **श्री आशीष श्रीवास्तव (मो0नं0–9893309330, ईमेल–ashshrivastava2010@gmail.com)** के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जिस हेतु यह सूचना–पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है।

25/01/2021

सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
रायपुर

पृ.क्रमांक/ /पेड/विधि/2021 रायपुर, दिनांक 25.01.2021

प्रतिलिपि :–

आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर **(छत्तीसगढ़)**:– कृपया इस केविएट–सूचना को राज्य के दो प्रमुख समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
रायपुर